Subject Code : Ba/Bc/MIL-HIN-201

**Booklet No. A** 60

Date Stamp ..............................

..............................

**Ba/Bc/MIL-HIN-201**

**2 0 2 3**

( CBCS )

( 2nd Semester )

HINDI

( Modern Indian Language )

Paper : MIL-HIN

*Full Marks* : 75 *Pass Marks* : 40%

*Time* : 3 hours

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

*The questions are of equal value*

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

   (क) माँ को अपने बेटे और किसान को अपने लहलहाते खेत को देखकर, जो आनंद आता है, वही आनंद बाबा भारती को अपने घोड़े को देखकर आता था। भगवद् भजन से जो समय बचता, वह घोड़े को अर्पण हो जाता। वह घोड़ा बड़ा सुंदर और बड़ा बलवान था।

   (ख) साहब बोले, "आप हैं बैरागी, दफ्तर के रीति-रिवाज नहीं जानते। असल में भोलाराम ने गलती की। भई, यह भी एक मंदिर है। यहाँ भी दान-पुण्य करना पड़ता है। भेंट चढ़ानी पड़ती है। आप भोलाराम के आत्मीय मालूम होते हैं। भोलाराम की दरख्वास्तें उड़ रही हैं, उन पर वजन रखिए।"

d in by the
lidate

om / BBA / BCA

r End Term

2023 (CBCS)

YPE

nature of
igilator(s)

/474

**2.** निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) दुख में सुमिरन सब करैं, सुख में करै न कोय।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुःख काहे का होय॥

(ख) जी हाँ हुजुर मैं गीत बेचता हूँ,
तरह-तरह के गीत बेचता हूँ,
किसम-किसम के गीत बेचता हूँ,
माल देखिए दाम बताऊँगा,
बेकार नहीं है काम बताऊँगा।

**3.** (क) कबीरदास जी पहले समाज सुधारक थे, बाद में कवि। समझाइए।

**अथवा**

(ख) 'गीत फरोश' कविता का सारांश लिखिए।

**4.** (क) 'अपना-अपना भाग्य' कहानी का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(ख) 'भोलाराम का जीव' व्यंग्य कथा के उद्देश्य बताइए।

**5.** निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिए :

हमारी हिन्दी सजीव भाषा है। इसी कारण इसने अरबी, फारसी आदि के सम्पर्क में आकर इनके जो शब्द ग्रहण किये ही हैं, अब अंग्रेजी के भी शब्द ग्रहण करती जा रही है। इसे दोष नहीं, गुण ही समझना चाहिए, क्योंकि अपनी इस ग्रहणशक्ति से हिन्दी अपनी वृद्धि कर रही है, ह्रास नहीं। ज्यों-ज्यों इसका प्रचार बढ़ेगा, त्यों-त्यों इसमें नए शब्दों का आगमन होता जाएगा। क्या भाषा की विशुद्धता के किसी भी पक्षपाती में यह शक्ति है कि वह विभिन्न जातियों के पारस्परिक संबंध को न होने दे अथवा भाषाओं की सम्मिश्रण-क्रिया में रुकावट पैदा कर दे? यह कभी संभव नहीं।

★ ★ ★

**2023**

( CBCS )

( 2nd Semester )

**HINDI**

( Modern Indian Language )

Paper : MIL–HIN

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

SECTION—I

( *Marks* : 15 )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×15=15

1. बड़े साहब ने नारद से क्या माँगा?

   (क) दौलत ( )

   (ख) वीणा ( )

   (ग) फाइल ( )

   (घ) वरदान ( )

2. लेखक और उनके मित्र घूमने के लिए कहाँ गए थे?

(क) दिल्ली ( )

(ख) शिमला ( )

(ग) नैनीताल ( )

(घ) मसूरी ( )

3. तुलसीदास जी के आराध्य देव कौन थे?

(क) विष्णु ( )

(ख) शंकर ( )

(ग) राम ( )

(घ) कृष्ण ( )

4. "'बैर' क्रोध का अचार या मुरब्बा है।" यह विचार किसका है?

(क) जैनेन्द्र ( )

(ख) द्विवेदी ( )

(ग) रामचंद्र शुक्ल ( )

(घ) कबीर ( )

5. बाबा भारती के घोड़े का क्या नाम था?

(क) चेतक ( )

(ख) सुलतान ( )

(ग) पवन ( )

(घ) सुजान ( )

**6.** सूरदास जी बचपन से _____ थे।

(क) कवि ( )

(ख) अंधा ( )

(ग) गूँगा ( )

(घ) बहरा ( )

**7.** नागमती एक _____ थी।

(क) दासी ( )

(ख) रानी ( )

(ग) तोता ( )

(घ) मछली ( )

**8.** करुण रस का स्थायी भाव _____ है।

(क) शोक ( )

(ख) रति ( )

(ग) भक्ति ( )

(घ) क्रोध ( )

**9.** 'पाहन' शब्द का पर्यायवाची _____ है।

(क) पौधा ( )

(ख) पत्थर ( )

(ग) हवा ( )

(घ) बादल ( )

**10.** पहाड़ी बालक की उम्र लगभग _____ वर्ष थी।

(क) 6 ( )

(ख) 8 ( )

(ग) 10 ( )

(घ) 12 ( )

**11.** ऐसा मनुष्य, मनुष्य नहीं _____ है।

(क) जानवर ( )

(ख) राक्षस ( )

(ग) देवता ( )

(घ) भूत ( )

**12.** बकरी, _____ के बीच से पत्तियाँ खाती है।

(क) आग ( )

(ख) पानी ( )

(ग) काँटों ( )

(घ) फूलों ( )

**13.** भोलाराम को _____ वर्षों से पेंशन नहीं मिला।

(क) 8 ( )

(ख) 5 ( )

(ग) 4 ( )

(घ) 6 ( )

**14.** 'भीतर' का विलोम शब्द _____ है।

(क) अंदर ( )

(ख) बाहर ( )

(ग) दायाँ ( )

(घ) बायाँ ( )

**15.** अपाहिज वास्तव में _____ था।

(क) बाबा भारती ( )

(ख) खड्गसिंह ( )

(ग) घोड़ा ( )

(घ) सुलतान ( )

SECTION—II

( *Marks* : 10 )

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

**1.** उधौ ने गोपियों से क्या कहा?

2. कवि अपने गीतों की क्या-क्या विशेषताएँ बताते हैं?

**3.** पहाड़ी बालक के बारे में क्या जानते हो?

**4.** लेखक ने मंदिर और दफ्तर को एक-जैसा क्यों बताया है?

**5.** क्रोध और बैर में क्या अंतर है?

**6.** बकरी से हमें क्या सीख मिलती है?

**7.** अलंकार किसे कहते हैं? परिभाषा लिखिए।

**8.** 'अपना-अपना भाग्य' कहानी का नायक कौन है और क्यों?

* * *